**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2026-27)**

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-दसवीं** | **विभाग: हिंदी** | **Date - 07.09.26** |
| **RT-3**<br>**पुनरावृत्ति परीक्षा-3** | **विषय: गद्य & पद्य (MCQ)** | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: ______________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ______**

## REVISION TEST - LITERATURE

**I.निम्नलिखित पद्यांशों और गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए: -**

**(क) रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,** **5**
**सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।**
**अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,**
**दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।**
**अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।**

**(1) कवि ने मदांध किन लोगों को कहा है?**

I. नशे में चूर रहने वाले II. पद का नशा रखने वाले

III. धन का घमंड करने वाले IV. उपलब्धि का नशा रखने वाले

**(2) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने भाग्यहीन किसे कहा है?**

I. दुर्बलता से अधीर व्यक्ति को II अन्याय सहने वालों को

II. निर्धन को IV. अपने गुणों को न पहचानने वालों को

**(3) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने ईश्वर को त्रिलोकनाथ क्यों कहा है?**

I. संसार का निर्माण करने के कारण III. दयालुता के कारण

II. दीनबंधु और सभी लोकों का स्वामी होने के कारण IV. प्रेम के कारण

**(4) 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' – इस पंक्ति का अर्थ है –**

I. जो परहित के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दे

II. जो लोक-कल्याण हेतु स्वयं के प्राणों का त्याग कर दे

III. परोपकार करते हुए अपनी ज़िंदगी कुर्बान कर देना ही जिसका लक्ष्य हो

IV. उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

**(5) पद्यांश के कवि हैं -**

I.हरिवंश राय बच्चन II.सुमित्रानंदन पंत

III.मैथिलीशरण गुप्त IV.महादेवी वर्मा

**(ख)सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;** **5**

**वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।**
**विरूद्धवाद बुद्ध का दया प्रवाह में बहा,**
**विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा ?**
**अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,**
**वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥**

**(1) 'महाविभूति'-किसे कहा गया है?**

(I) संपन्न लोगों को (II) मन की उच्चता को

(III) सहानुभूति को (IV). यशस्वी को

**(2) 'विरूद्धवाद'-से क्या आशय है?**

(I) संकट (II) विरोध की आवाज़ें

(III) विरोधी लोग (IV).संघर्ष

**(3) बुद्ध का विरोध किस प्रकार समाप्त हुआ?**

(I) दया पाकर (II) प्रेम पाकर

(III) युद्ध द्वारा (IV).उपर्युक्त सभी

**(4) बुद्ध की करुणा पाकर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?**

(I) वे उनके रक्षक बन गए (II) वे उनके चरणों में झुक गए

(III) वे उनके सिपाही बन गए (IV). इनमें से कोई नहीं

**(5)उदार किसे कहा जाता है ?**

(I) जो सिर्फ अपने लिए जीता है (II) जो परोपकार करता है

(III) जिसमें पशु प्रवृत्ति है (IV). इनमें से कोई नहीं

**(ग)मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजयंती माला ।** **5**

**बिंदरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला ।**
**ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच-बिच राखूँ बारी ।**
**साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी ।**

**(1) श्रीकृष्ण किस रंग के वस्त्र धारण करते हैं ?**

(I)काले (II) नीले (III)लाल (IV) पीले

**(2) मीरा के अनुसार श्रीकृष्ण कहाँ गाय चराते हुए सबका मन मोह लेते हैं ?**

(I) अयोध्या में (II) वृंदावन में

(III) गोकुल धाम में (IV)चित्रकूट में

**(3) मीराबाई महल के बीच-बीच में क्या रखना चाहती है ?**

(I)दीवार (II)दरवाज़ा

(III)खिड़की (IV)दीपक

**(4) 'साँवरिया'-शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ?**

(I)राम (II)कृष्ण

(III)मीरा (IV)भक्त प्रहलाद

**(5) कृष्ण ने गले में ______ फूलों की माला पहनी है।**

(I)चमेली (II)वैजयंती

(III)गुलाब (IV)सोनजुही

**(घ) जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर** 5

**जान देने की रुत रोज़ आती नहीं**
**हुस्न और इश्क दोनों को रुसवा करे**
**वो जवानी जो खून में नहाती नहीं**
**आज धरती बनी है दुल्हन साथियों**
**अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों ।**

(i) पद्यांश के कवि का क्या नाम है?

(I) वीरेन डंगवाल (II) कैफ़ी आज़मी

(III) मैथिलीशरण गुप्त (IV) नीरज

(ii) 'जान देने की रुत'-से तात्पर्य है -

(I) प्राकृतिक आपदा (II) जवानी का समय

(III) देश पर बलिदान होने का अवसर (IV) बचपन का समय

(iii) देश की धरती क्या बनी हुई है?

(I) माँ (II) दुल्हन (III) बहन (IV) फुलवारी

(iv) 'खून में नहाना'-का आशय है -

(I) खून में स्नान करना (II) खून उबालना

(III) देश को हानि पहुँचाना (IV) देश के लिए मर मिटना

(v)निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(क)जिंदगी जीने के अवसर बहुत मिलते हैं

(ख)देश पर बलिदान होने का अवसर कभी-कभी आता है

(ग)इस समय हर जवान को गीत गाना है

(घ)वीर जवान देश की ख़ातिर अपना खून बहाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / से कथन सही नहीं है / हैं ?

(I) केवल (क) (II) केवल (ग) (III) (ग) और (घ) (IV) (क) और (ख)

**II.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-** **5**

**(क) मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ीl मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा l मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ l मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था l मांझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं l मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है l**

**(i) छोटे भाई की स्वच्छंदता बढ़ गई थी क्योंकि-**

(I) बड़े भाई हमेशा पढ़ते रहते थे (II) बड़े भाई लापरवाह हो गए थे

(III) फेल होने से बड़े भाई नरम पड़ गए थे (IV) इनमें से कोई नहीं

**(ii) बड़े भाई के डर से छोटा भाई क्या करता था?**

(I) पढ़ाई नहीं करता था (II) दोस्तों के साथ खेलता था

(III) खेलने नहीं जाता था (IV)थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था

**(iii) छोटे भाई को कौन-सा नया शौक पैदा हो गया था?**

(I) सिनेमा देखने का (II) किताबें पढ़ने का

(III) चित्र बनाने का (IV) पतंगबाज़ी का

**(iv) छोटे भाई की धारणा बन गई थी कि-**

(I) कठोर परिश्रम से ही पास हो सकता हूँ (II) भाई साहब तो हर साल फेल होंगे

(III) मैं पढ़ूँ या न पढ़ूँ पास हो जाऊँगा (IV). उपर्युक्त सभी

**(v) समस्याएँ गुप्त रूप से हल की जाती थीं क्योंकि-**

(I) छोटा भाई अध्यापकों से डरता था (II) छोटा भाई पड़ोसियों से डरता था

(III) छोटा भाई बड़े भाई का सम्मान और लिहाज़ करता था

(IV) बड़े भाई साहब समस्या का हल ढूँढने में असमर्थ थे

(ख) 5

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु-पर्व' का आयोजन हुआ। पशु पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य-संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे-धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए। तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में तनिक न था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। उसने थोड़ा और क़रीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी। उसकी आँखें तरल थीं।

**(1) तताँरा के गाँव में कौन-सा मेला लगता था?**

(I)कुंभ मेला (II) दीप-पर्व (III)पशु-पर्व (IV) बाल-मेला

**(2) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(I)वर्ष में कई बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं।

(II)वर्ष में एक बार पासा गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं।

(III)वर्ष में एक बार लपाती गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं।

(IV)वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं।

**(3) मेले में किसकी शक्ति-परीक्षा होती थी?**

(I)पशुओं से युवतियों की

(II)पशुओं से बच्चों की

(III)पशुओं से पशुओं की

(IV)पशुओं से युवकों की

**(4) मेले के अंत में कौन-सा आयोजन होता है?**

(I)नृत्य-संगीत और भोजन का (II)प्रदर्शनी का

(III)नाटक का (IV)इनमें से कोई नहीं

**(5) तताँरा का मन कार्यक्रमों में तनिक न था क्योंकि-**

(I)वह नारियल के झुंडों में झाँकना चाहता था।

(II)वह वामीरो को ढूँढ़ रहा था।

(III)उसे भूख लग रही थी (IV)उपर्युक्त सभी

**(ग) एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दर्जा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे । मैं कितने ही मिडिलचियों को जानता हूँ, जो आज अव्वल दरजे के डिप्टी मजिस्ट्रेट या सुपेरिंटेंडेंट हैं । कितने ही आठवीं जमात वाले हमारे लीडर और समाचारपत्रों के संपादक हैं । बड़े-बड़े विद्वान उनके मातहती में काम करते हैं और तुम उसी आठवें दरजे में आकर बाज़ारी लौंडों के साथ कनकौए के लिए दौड़ रहे हो । मुझे तुम्हारी इस कम अकली पर दुःख होता है । तुम ज़हीन हो, इसमें शक नहीं, लेकिन वह ज़ेहन किस काम का जो हमारे आत्मगौरव की हत्या कर डाले । तुम अपने दिल में समझते होगे, मैं भाई साहब से महज़ एक दरजा नीचे हूँ और अब उन्हें मुझको कुछ कहने का हक़ नहीं है, लेकिन यह तुम्हारी गलती है । मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और चाहे आज तुम मेरी ही जमात में आ जाओ और परीक्षकों का यही हाल है, तो निस्संदेह अगले साल तुम मेरे समकक्ष हो जाओगे और शायद एक साल बाद मुझसे आगे भी निकल जाओ, लेकिन मुझमें और तुममें जो पाँच साल का अंतर है, उसे तुम क्या, ख़ुदा भी नहीं मिटा सकता ।**

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-**

**(i) कहानीकार का नाम है -**

(I)हरिश्चंद्र (II)जयशंकर प्रसाद

(III)महादेवी वर्मा (IV)प्रेमचंद

**(ii) बड़े भाई साहब के अनुसार लेखक अपने आत्मगौरव की हत्या किस प्रकार करता है ?**

(I)बाज़ारी लौंडों के साथ गलियों में पतंग लूटने के लिए दौड़ना

(II)बाज़ारी लौंडों के साथ फ़िल्म देखने के लिए जाना

(III)बाज़ारी लौंडों के साथ बैठकर पढ़ाई करना

(IV)बाज़ारी लौंडों के साथ गलियों में गीत गाना

**(iii) बड़ा भाई अपने फेल होने के लिए किसे दोषी मानता है?**

(I) अपने माता-पिता को (II)लेखक को

(III)परीक्षकों को (IV)अपने पड़ोसी को

**(iv)बड़े भाई साहब लेखक से कितने साल बड़े थे ?**

(I)चार साल (II)पाँच साल

(III)दो साल (IV)दस साल

**(v) "मैं कितने ही <u>मिडिलचियों</u> को जानता हूँ"- रेखांकित शब्द का अर्थ है -**

(I)आठवीं कक्षा पास करने वाले (II)सातवीं कक्षा पास करने वाले

(III)दसवीं कक्षा पास करने वाले (IV)बारहवीं कक्षा पास करने वाले